# पाठ - 1 इस जल प्रलय में

## लेखक परिचय

### फणीश्वरनाथ रेणु

| | |
|---|---|
| **जन्म :-** | सन 1921 ई. |
| **स्थान :-** | अररिया (तब पूर्णिया), बिहार |
| **पेशा :-** | साहित्यकार |
| **भाषा :-** | हिंदी |
| **रचनाएँ :-** | उपन्यास- मैला आँचल, परती परिकथा, जुलूस, दीर्घतपा आदि। |
| **कथा-संग्रह :-** | ठुमरी, आदिम रात्रि की महक, अग्निखोर आदि। |
| **रिपोर्ताज :-** | जय गंगा, डायन कोसी, इस जल प्रलय में, ऋणजल-धनजल, वनतुलसी की गंध। |
| **सम्मान :-** | पद्मश्री सम्मान |
| **मृत्यु :-** | सन 1977 ई. |

## पाठ परिचय

इस पाठ में लेखक ने पटना शहर में आए बाढ़ का रोमांचकारी वर्णन किया है। लेखक ने बाढ़ की विभीषिका, इसके भयकंर रूप, इससे उत्पन्न होने वाली समस्याएँ और इसके आने पर उत्पन्न रोमांच के बारे में बहुत सुना था। मगर आज पहली बार वह स्वयं बाढ़ का भुक्तभोगी बना है। लेखक अपने कवि मित्र के साथ बाढ़ के रोमांचक दृश्यों को देखने के लिए उत्साहित है। शहर के अलग-अलग इलाकों का हाल बताते हुए लेखक ने पूर्व में अलग-अलग समय में आए बाढ़ के महत्वपूर्ण एवं रोमांचक प्रसंगों को भी बीच-बीच में याद किया है। लेखक ने बाढ़ के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के साथ-साथ स्थानीय उत्सवों, संस्कृति और पारम्परिक तथ्यों का भी उल्लेख किया है। बाढ़ की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के लिए सरकार द्वारा किए जाने वाले प्रयासों का भी उल्लेख पाठ में मिलता है और लेखक स्वयं भी कभी ब्वॉय स्काउट, बालचर, रिलीफ वर्कर, स्वयं सेवक आदि के रूप में बाढ़ से पीड़ित लोगों के लिए कार्य करता रहा है। इस बाढ़ रूपी भयंकर आपदा के कारण उत्पन्न अफरा-तफरी के वातावरण में भी जीवन के कुछ मधुरतम दृश्यों का उल्लेख लेखक ने बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया है। लेखक ने पाठ में स्थानीय शब्दों और वाक्यों का प्रसंगानुकूल प्रयोग कर पूरी रचना में कौतुहलता और रोचकता को अक्षुण रूप से बनाये रखा है। ये पाठ पाठक के मस्तिष्क में बाढ़ के परिवेश का स्पष्ट चित्र स्थापित करने में सक्षम है।

## पाठ्य-पुस्तक के प्रश्नोत्तर

**1. बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे?**

**उत्तर-** बाढ़ की खबर सुनकर लोग अपनी-अपनी सुरक्षा हेतु तैयारी करने लगे जिसमें विशेष रूप से आवश्यक ईंधन, आलू, मोमबत्ती, दिया सलाई, पीने का पानी और कांपोज की गोलियाँ आदि सामानों को एक जगह इकट्ठा करने लगे।

**2. बाढ़ की सही जानकारी लेने और बाढ़ का रूप देखने के लिए लेखक क्यों उत्सुक था?**

**उत्तर-** लेखक चूँकि सारे बाढ़ से पीड़ित लोगों के लिए काम किया था लेकिन स्वयं कभी बाढ़ का भुक्तभोगी नहीं बन पाया था इसलिए वह स्वयं उस बाढ़ की विभीषिका तथा रोमांच को देखना और अनुभव करना चाहता था।

**3. सबकी जबान पर एक ही जिज्ञासा- 'पानी कहाँ तक आ गया है' इस कथन से जनसमूह की कौन सी भावनाएँ व्यक्त होती हैं?**

**उत्तर-** सबके मन में एक ही जिज्ञासा थी कि 'बाढ़ का पानी कहाँ तक पहुँच गया है' सभी कोई इस बाढ़ के रूप को अपनी आँखों से देखना और इसके रोमांच को अनुभव करना चाहते थे तथा सुरक्षा संबंधी कुछ तैयारी भी करना चाहते थे।

**4. 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है क्यों?**

**उत्तर-** बाढ़ के भयंकर रूप को 'मृत्यु का तरल दूत' कहा गया है क्योंकि इस बाढ़ में कई जिंदगियाँ तबाह हो जाती हैं। कईयों के घर-बार उजड़ जाते हैं। इसके अलावा अन्यान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ भी उत्पन्न हो जाती हैं।

**5. आपदाओं से निपटने के लिए अपनी तरफ से कुछ सुझाव दीजिए?**

**उत्तर-** जब भी हम किसी ऐसे प्राकृतिक आपदा से घिरे हो तो हमें उससे निपटने के लिए निम्न उपाय करने चाहिए-

- आपदाकाल में जीवन को बचाए रखने के लिए जो बहुत आवश्यक चीजें हैं उन्हें इकठ्ठा कर के साथ ले लेना चाहिए।
- हमें अन्य लोगों से मदद लेनी और उन्हें मदद पहुँचानी भी चाहिए।
- सरकार को आपदा से निपटने के लिए उचित प्रयास करने चाहिए।
- आपदा से निपटने हेतु बनी सरकारी एवं गैरसकारी संस्थाओं से जहाँ तक हो सके जुड़ने का प्रयास करना चाहिए।

**6. 'ईह! जब दानापुर डूब रहा था तो पटनियाँ बाबू लोग उलट कर देखने भी नहीं गए... अब बूझो!' इस कथन द्वारा लोगों की किस मानसिकता पर चोट की गई है?**

**उत्तर-** इस वाक्य से लोगों के अंदर क्षेत्रीय आधार पर पनपे द्वेष और ईर्ष्या की भावना व्यक्त हुई है। एक क्षेत्र का दूसरे क्षेत्र के प्रति असहयोग का भाव व्यक्त हुआ है।

**7. खरीद-बिक्री बंद हो चुकने पर भी पान की बिक्री अचानक क्यों बढ़ गई थी?**

**उत्तर-** बाढ़ के कारण इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। सभी ने अपनी-अपनी दुकान बंद कर दी थीं। पान वाले के दुकान में लगी रेडियो से ही लोगों को बाढ़ की यथास्थिति का पता चलता था। इसी उद्देश्य से सभी पान वाले की दुकान में चले गए थे और इस तरह पान वाले की बिक्री अचानक से बढ़ गयी थी।

**8. जब लेखक को यह एहसास हुआ कि उसके इलाके में भी पानी घुसने की संभावना है तो उसने क्या-क्या प्रबंध किए?**

**उत्तर-** जैसे ही लेखक को यह एहसास हुआ कि उसके इलाके में भी पानी घुसने की संभावना है तो उसने सबसे पहले ईंधन का प्रबंध किया साथ ही खाने के लिए आलू, प्रकाश के लिए मोमबत्ती और दिया सलाई, पीने के लिए पानी तथा कांपोज की गोलियों को एकत्रित किया।

**9. बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में कौन-कौन सी बीमारी के होने की आशंका रहती है?**

**उत्तर-** बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में अक्सर छोटी-मोटी बीमारियाँ हो जाती है परंतु इनमें से सबसे प्रमुख है पकाही घाव, बाढ़ के गंदे सड़े जल के कारण लोगों के पाँव की अँगुलियाँ सड़ जाती हैं और तलवों में घाव हो जाता है।

**10. नौजवान के पानी में उतरते ही कुत्ता भी पानी में कूद गया, दोनों ने किन भावनाओं के वशीभूत होकर ऐसा किया?**

**उत्तर-** अपने कुत्ते के लिए नौजवान का नाव से उतर जाना, इस भावना की ओर इंगित करता है कि दोनों में परस्पर गहरा संबंध था। दोनों एक दूसरे के सच्चे साथी थे। मनुष्य और पशु के बीच में कोई भेदभाव नहीं था। नौजवान को कुत्ते के बिना मृत्यु भी स्वीकार नहीं थी इसलिए वह कुत्ते के लिए नाव से उतर गया था।

**11. 'अच्छा है, कुछ भी नहीं। कलम थी, वह भी चोरी चली गई। अच्छा है, कुछ भी नहीं-मेरे पास' मूवी कैमरा, टेप रिकॉर्डर आदि की तीव्र उत्कंठा होते हुए भी लेखक ने अंत में उपर्युक्त कथन क्यों कहा?**

**उत्तर-** लेखक बाढ़ के अनुभवों को संजोकर रखने की इच्छा से मूवी कैमरा, टेपरिकॉर्डर आदि की आवश्यकता महसूस कर रहा था। परन्तु ये सब नहीं होने को वो अच्छा इसलिए मानता है क्योंकि ये सब होते तो उसका समय इसी में निकल जाता, वो बाढ़ के रोमांच का वास्तविक आनंद नहीं ले पाता। ये सभी चीज़े बाढ़ के अनुभवों को प्राप्त करने में बाधक ही बनते इसलिए अच्छा है कि उसके पास इनमें से कुछ भी नहीं है।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. 'इस जल प्रलय में' पाठ के लेखक का क्या नाम है?**
a. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
b. प्रेमचंद
c. राहुल सांकृत्यायन
d. फणीश्वरनाथ रेणु

**2. 'इस जल प्रलय में' पाठ किस विधा की रचना है?**
a. रिपोर्ताज b. कहानी
c. निबंध d. यात्रा संस्मरण

**3. 'इस जल प्रलय में' पाठ में मुख्य रूप से किस समस्या को उठाया गया है?**
a. बिजली की समस्या को
b. जंगल में लगी आग की समस्या को
c. बाढ़ की समस्या को
d. सुखाड़ की समस्या को

**4. लेखक के मित्र इनमें से क्या थे?**
a. पेंटर b. कवि
c. जादूगर d. डॉक्टर

**5. 'इस जल प्रलय में' पाठ में किस शहर में आए बाढ़ का वर्णन है?**
a. दिल्ली b. पटना
c. कोलकाता d. बिहार शरीफ

**6. सन 1947 ई. में बिहार के किस जिले में बाढ़ आई थी?**
a. दरभंगा b. बेगूसराय
c. मनिहारी d. नालंदा

**7. सन 1949 ई. में किस नदी के कारण बाढ़ की समस्या हुई थी?**
a. महानंदा b. सोन
c. पुनपुन d. यमुना

**8. रेडियो पर बाढ़ से संबंधित समाचार सुनकर किनके चेहरे मुर्हरमी हो गए थे?**
a. पानवाले की
b. रिक्शा वाले की
c. लेखक और उनके मित्र की
d. दानापुर वाले मुस्टण्ड की

**9. 1967 में किस नदी का पानी राजेंद्र नगर, कंकड़बाग तथा अन्य निचले स्थानों में घुस गया था?**
a. गंगा b. सोन
c. पुनपुन d. महानंदा

**10. लोग पान दुकान के पास क्यों जमा हो गए थे?**
a. पान खाने के लिए
b. पान वाले की मदद के लिए
c. बाढ़ से राहत पाने के लिए
d. समाचार सुनने के लिए

**11. 'पकाही घाव' मानव शरीर के किस अंग में होता है?**
a. हाथ में  b. सिर पर
c. पैरों की अँगुलियों पर  d. घुटने पर

**12. 'गैरिक' शब्द का क्या अर्थ होता है?**
a. पराया व्यक्ति  b. गेरुआ रंग का
c. ढका हुआ  d. अद्भुत

**13. 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है?**
a. बाढ़ के पानी को
b. कांपोज किए हुए जहर को
c. बारिश के पानी को
d. इनमें से कोई नहीं

**14. लगातार 18 घंटे की अविराम वृष्टि किस शहर में हुई थी?**
a. कटिहार  b. पटना
c. नवादा  d. दानापुर

**15. रिक्शेवाला स्वभाव से कैसा था?**
a. डरपोक  b. कमजोर
c. बहादुर  d. इनमें से सभी

**16. भादुड़ी जी के हिदायत के अनुसार हर नाव में क्या होना चाहिए?**
a. पकाही घाव की दवा  b. किरासन तेल
c. दिया सलाई  d. इनमें से सभी

**17. 'पनाह लेना' का क्या अर्थ है?**
a. सलाह लेना
b. शरण लेना
c. शपथ लेना
d. जरूरत का सामान लेना

**18. लेखक फणीश्वरनाथ रेणु ने किस मुद्दे से संबंधित लेख लिखकर विद्यालय में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था?**
a. स्कूल के अनुशासन से संबंधित
b. बिहार की संस्कृति से संबंधित
c. बाढ़ से संबंधित
d. स्वास्थ्य से संबंधित

**19. बाढ़ के कारण किसकी बिक्री अचानक से बढ़ गई थी?**
a. पान वाले की  b. चाय वाले की
c. मिठाई वाले की  d. अखबार वाले की

**20. 'अब कहाँ जाइएगा? कॉफी हाउस में तो 'अबले' पानी आ गया होगा।'**
**यह कथन किसका है?**
a. पानवाले का  b. रिक्शावाले का
c. लेखक के मित्र का  d. लेखक की पत्नी का

**21. 'उत्कर्ण' शब्द का क्या अर्थ है?**
a. भय  b. जोश
c. सुनने को उत्सुक  d. हताश हो जाना

**22. जनसंपर्क की गाड़ी से आ रही आवाज़ गोलंबर में चारों ब्लॉक से टकराती थी तो क्या होता था?**
a. पानी हिलकोरे लेने लगती थी
b. लोगों को बर्दाश्त नहीं होता था
c. रेडियो चलना बंद हो जाता था
d. प्रतिध्वनित होता था

**23. लेखक की पत्नी के अनुसार किसमें मीटर-उटर नहीं लगा होता है?**
a. गैस सिलेंडर में  b. स्टॉव में
c. टेम्पो में  d. बाढ़ के पानी में

**24. 'कुकुर नहीं... कुकुर को भगाओ' ये कथन किसका है?**
a. नाव चालक का  b. डॉक्टर साहब का
c. लेखक का  d. बीमार नौजवान का

**25. 'हमार कुकुर नहीं जाएगा तो हम हुँ नहीं जाएगा' कहकर नाव से कौन उतर गया?**
a. लेखक के मित्र  b. लेखक
c. बीमार नौजवान  d. रामसिंगार

**26. बलवाही नाच देखकर लेखक को अपने किस परम मित्र की याद आ जाती है?**
a. भोला शास्त्री  b. रामखेलावन पाण्डे
c. रामसिंगार  d. कृष्णा

**27. 'पटना' का पुराना नाम क्या है?**
a. पूर्णिया  b. पाटलिपुत्र
c. श्रीकृष्णपुरी  d. राजेंद्रनगर

**28. 'आसन्नप्रसवा' का क्या अर्थ है?**
a. जो बहुत प्रसन्न हो
b. जो दुखी हो
c. जिसे आजकल में ही बच्चा होने वाला हो
d. जो सामने बैठा हो

**29. राजेंद्रनगर के गोलंबर में युवक-युवतियाँ क्या कर रहे थे?**
a. पानी में तैर रहे थे
b. लोगों पर सीटियाँ बजा रहे थे
c. भोजन कर रहे थे
d. नौका विहार कर रहे थे

**30. नौके पर सवार युवती क्या पढ़ रही थी?**
a. भगवद्‌गीता  b. रामायण
c. पत्रिका  d. अखबार

**31. 'झिंझिर' का क्या अर्थ है?**
a. जल-विहार  b. बजाने का वाद्ययंत्र
c. बरसाती कीड़ा  d. परेशानी

**32. 'गाँधी मैदान' नामक स्थान किस शहर में है?**
a. बिहार-शरीफ  b. पूर्णिया
c. पटना  d. नवादा

**33. सड़क पर मोटी डोरी की शक्ल में कौन आ रहा था?**
a. बाढ़ का पानी  b. गेरुआ रंग का सांप
c. लोगों की भीड़  d. रेलगाड़ी

**34. केले के पौधे से बना नाव को क्या कहा जाता है?**
a. भेला  b. बंसौरा
c. केलारी  d. झिंझिर

**35. लेखक के पास बाढ़ के रोमांच को संजोने के लिए इनमें से क्या नहीं था?**

a. मूवी कैमरा  b. टेप-रिकॉर्डर
c. कलम  d. इनमें से सभी

**36. अलमस्त जवान रिक्शाचालक अक्सर रात के सन्नाटे में गोलंबर के सामने क्या करता था?**

a. रुक कर शराब पीता था
b. गाना अलापने लगता था
c. रिक्शा का करतब दिखाता था
d. रोने लगता था

**37. पानी में विज्ञापनों की परछाईयाँ कैसी लग रही थी?**

a. मनुष्यों के समान
b. भूत-प्रेतों के समान
c. सैकड़ो रंगीन साँपो के समान
d. कीड़े-मकोड़ों के समान

**38. लेखक के मित्र कवि होने के साथ-साथ और क्या-क्या विशेषताएँ रखते थे?**

a. विशेषज्ञ  b. व्याख्याता
c. आचार्य  d. इनमें से सभी

**39. आकाशवाणी में बाढ़ की सूचना किस भाषा में आती थी?**

a. बांग्ला  b. भोजपुरी
c. हिंदी  d. मैथिली

**40. 'स्वगतोक्ति' का क्या अर्थ है?**

a. स्पष्टता
b. उलझा हुआ
c. अपने आप में कुछ बोलना
d. स्वार्थी

**41. फणीश्वरनाथ रेणु ने इनमें से किस पत्रिका का संपादन किया?**

a. प्रताप  b. धर्मयुग
c. हंस  d. दिनमान

**42. फणीश्वरनाथ रेणु का जन्म बिहार के किस जिले में हुआ?**

a. पूर्णिया  b. दरभंगा
c. नालंदा  d. पटना

**43. इनमें से कौन-सी रचना रिपोर्ताज शैली की नहीं है?**

a. जय गंगा  b. डायन कोसी
c. हड्डियों के पुल  d. मैला आंचल

**44. इनमें से कहाँ के व्यक्ति को पटना वालों से चिढ़ थी?**

a. दानापुर  b. बनारस
c. गया  d. पूर्णिया

**45. कौन-सा शब्द गोलंबर में प्रतिध्वनित होता था?**

a. नमस्कार-नमस्कार  b. सावधान-सावधान
c. धन्यवाद-धन्यवाद  d. सियाराम-सियाराम

**46. 'जानो ! गोलघर डूबे गेछे!' पंक्ति में संज्ञा शब्द छांटिए?**

a. जानो  b. गोलघर
c. डूबे  d. गेछे!

**47. निम्न में से भिन्न शब्द छांटिए?**

a. टी.वी.  b. रेडियो
c. आकाशवाणी  d. ट्रांजिस्टर

**48. लेखक ने निम्न में से किस रूप में काम नहीं किया था?**

a. नाव चालक  b. ब्वॉय स्काउट
c. स्वयं सेवक  d. रिलीफवर्कर

**49. बाढ़ में सरकार द्वारा भेजी गई जनसंपर्क की गाड़ी का क्या काम था?**

a. बाढ़ में खोए लोगों को ढूँढने का
b. लोगों को बाढ़ की स्थिति की जानकारी देना
c. सरकार के लिए सूचना इकट्ठा करना
d. मुश्किल में फंसे लोगों को राहत सामग्री देना

**50. पाठ के आधार पर बताएँ कि किसी घटना का सटीक वर्णन कब किया जा सकता है?**

a. जब उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगे
b. जब व्यक्ति अधिक कल्पनाशील हो
c. जब व्यक्ति स्वयं भुक्तभोगी हो
d. जब उसे घटना की जानकारी हो

**51. परमान नदी के बाढ़ में कौन लोग फंसे थे?**

a. दानापुर वाले  b. पटना वाले
c. पूर्णिया वाले  d. मुसहरी लोग

**52. 'ब्वॉय स्काउट' को और किस नाम से जाना जाता है?**

a. स्वयंसेवक  b. बालचर
c. राजनैतिक कार्यकर्ता  d. बलवाही

**53. नौजवान युवक-युवतियों के ट्रांजिस्टर में कौन-सा गाना बज रहा था?**

a. 'हवा में उड़ता जाए'
b. 'हवा हवा ऐ हवा'
c. 'ये चांद-सा रौशन चेहरा'
d. 'आज मैं ऊपर आसमां नीचे'

**54. पटना में बाढ़ कब आई?**

a. 1967 ई॰ में  b. 1975 ई॰ में
c. a और b दोनों  d. इनमें से कोई नहीं

**55. पाठ के अनुसार सावन भादो के महीने में इनमें से कौन-सी नदियों में बाढ़ आती है?**

a. कोसी  b. महानंदा
c. गंगा  d. इनमें से कोई नहीं

**56. लेखक ने बाढ़ के भयावह रूप को पहली बार अपनी आँखों से कब देखा?**

a. 1967 ई॰ में  b. 1945 ई॰ में
c. 1975 ई॰ में  d. इनमें से कोई नहीं

**57. चकरदाहा गाँव के पास कौन-सा थाना था?**

a. वापसी थाना  b. नरपतगंज

c. चौरा चौरी d. मुसहरा थाना

**58. मुसहरों की बस्ती के लोग कई दिनों तक क्या खाकर जिंदा थे?**

a. फल और कच्ची सब्जियाँ b. उबला हुआ आलू
c. मछली और चूहे भूनकर d. सरकारी खाना

**59. 'स्वगतोक्ति' शब्द का सही संधि विच्छेद है-**

a. स्व + गतोक्ति b. स्वगत + अति
c. स्वगत + उक्ति d. स्व + उक्ति

**60. लेखक ने राजेंद्र नगर के मैगजीन कॉर्नर से क्या खरीदा था?**

a. उर्दू सीखने वाली किताब
b. योग सिखाने वाली किताब
c. अंग्रेजी पत्रिका
d. हिंदी, बांग्ला और अँग्रेजी सिने पत्रिकाएँ

**61. मैगजीन कॉर्नर के मालिक का क्या नाम था?**

a. हीरा b. कृष्णा
c. गोपी d. रामसिंगार

**62. 'एक्जबिशनिज्म' को शुद्ध हिंदी में क्या कहा जाता है?**

a. आनंद b. फूहड़ता
c. परीक्षा d. प्रदर्शनवाद

**63. लोगों में किस शहर की तरह पटना के लापता होने का डर था?**

a. जलकोटि b. धनुषकोटि
c. बाणकोटि d. सूर्यकोटि

**64. 'जय गंगा' रिपोर्ताज कब लिखा गया?**

a. 1947 ई॰ b. 1948 ई॰
c. 1975 ई॰ d. 1967 ई॰

**65. कॉफी हाउस में बाढ़ का पानी देखने लेखक किस माध्यम से पहुँचे?**

a. टमटम से b. मोटरसाइकिल
c. बस के द्वारा d. रिक्शा से

**66. गाँव के नौजवानों ने मिलकर किसकी नाव छीन ली थी?**

a. जमींदारों के लड़कों की b. जनसंपर्क वालों की
c. दूसरे गाँव वालों की d. लेखक की

**67. 'अप्सरा' क्या है?**

a. होटल का नाम
b. सिनेमा हॉल का नाम
c. मैगजीन हाउस का नाम
d. लेखक की पत्नी का नाम

**68. आदमकद का अर्थ होता है-**

a. वह आदमी जो कैद हो b. आदमी के आकार का
c. जो आदमी के लिए हो d. इनमें से कोई नहीं

**69. 'डायलॉग' को हिंदी में क्या कहा जाता है?**

a. संवाद b. टिप्पणी
c. निंदा d. मंशा

**70. राजेंद्रनगर के गोलंबर में रात के ढाई बजे कौन सामूहिक रुदन कर रहे थे?**

a. वहाँ के वासी
b. जनसंपर्क के सदस्यगण
c. कुत्ते
d. बरसाती कीड़े

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.d, | 11.c, | 21.c, | 31.a, | 41.a, | 51.d, | 61.b, |
| 2.a, | 12.b, | 22.d, | 32.c, | 42.a, | 52.b, | 62.d, |
| 3.c, | 13.a, | 23.a, | 33.a, | 43.d, | 53.a, | 63.b, |
| 4.b, | 14.b, | 24.b, | 34.a, | 44.a, | 54.c, | 64.a, |
| 5.b, | 15.c, | 25.c, | 35.d, | 45.b, | 55.b, | 65.d, |
| 6.c, | 16.d, | 26.a, | 36.b, | 46.b, | 56.a, | 66.a, |
| 7.a, | 17.b, | 27.b, | 37.c, | 47.a, | 57.b, | 67.b, |
| 8.c, | 18.c, | 28.c, | 38.d, | 48.a, | 58.c, | 68.b, |
| 9.c, | 19.a, | 29.d, | 39.a, | 49.b, | 59.c, | 69.a, |
| 10.d, | 20.b, | 30.c, | 40.c, | 50.c, | 60.d, | 70.c |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. राजेंद्र नगर के चौराहे पर मैगजीन की दुकान खुली देखते ही लेखक के मन में क्या विचार आया?**

**उत्तर-** जब लेखक राजेंद्र नगर चौराहे से गुजरा तो उसे मैगजीन की दुकान खुली हुई दिखी लेखक ने सोचा कि एक सप्ताह की साहित्यिक पुस्तक एक साथ खरीद लें।

**2. लेखक ने छत से बाढ़ को देखकर क्या सोचा?**

**उत्तर-** लेखक ने बाढ़ की विभीषिका को देखकर यह सोचा कि यदि मेरे पास मूवी कैमरा होता तो मैं इस दृश्य को रिकॉर्ड कर एक छोटी फिल्म बना लेता।

**3. लेखक को स्कूल में पहली बार किसके लिए पुरस्कार दिया गया था?**

**उत्तर-** लेखक को बाढ़ के विषय में लेख लिखने पर स्कूल में पहली बार पुरस्कार मिला था।

**4. लेखक ने बाढ़ पीड़ित छेत्रों के लिए किन-किन रूपों में काम किया था?**

**उत्तर-** लेखक ने ब्वॉय स्काउट, स्वयंसेवक, राजनीतिक कार्यकर्ता और रिलीफ वर्कर के रूप में बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों के लिए काम किया था।

**5. पाठ में उल्लेखित लेखक के अन्य बाढ़ से संबंधित रचनाओं को लिखें?**

**उत्तर-** 'इस जल प्रलय ' पाठ में लेखक ने बाढ़ से संबंधित अपनी कुछ अन्य रचनाओं का भी उल्लेख किया है जिनका शीर्षक 'जय गंगा', 'डायन कोसी' और 'हड्डियों का पूल' है।

**6. 'बलवाही' क्या है?**

**उत्तर-** 'बलवाही' एक प्रकार का नृत्य का नाम है जिसमें कई सारे युवक युवती का रूप धारण कर सामूहिक नाच

दिखाते हैं। यह अभिनय प्रधान होता है।

**7. लेखक का जन्म किस प्रकार वाले क्षेत्र में हुआ था?**

**उत्तर-** लेखक का जन्म बिहार के परती भूमि वाले क्षेत्र में हुआ था।

**8. रिपोर्ताज शैली की रचना कैसी होती है?**

**उत्तर-** रिपोर्ताज शैली की रचना में किसी घटना विशेष का उल्लेख होता है। इसमें घटना के वर्णन के साथ-साथ उस स्थान विशेष की संस्कृति और परंपराओं से भी अवगत कराया जाता है।

## लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. लेखक ने पाठ में किस-किस समय में आए बाढ़ का उल्लेख किया है?**

**उत्तर-** लेखक 1968 में आए पटना के बाढ़ का आँखोदेखा हाल हम पाठकों को बता रहा है। इस बीच लेखक पिछली अलग-अलग समय में आए बाढ़ को याद करता है। जिसमें वो 1947 में पूर्णिया जिले में आयी बाढ़, 1949 में महानंदा में आयी बाढ़ और 1937 की बाढ़ को याद करता है।

**2. 'कुत्ते का मालिक कुत्ते के लिए नाव से उतर जाता है' इस सन्दर्भ का मार्मिक पक्ष क्या है?**

**उत्तर-** राहत की टीम वालों ने जब कुत्ते को नाव से उतार दिया तो उसका मालिक भी ये कहते हुए कि 'अगर मेरा कुत्ता नहीं जायेगा तो हमहूँ नहीं जायेंगा', नाव से उतर जाता है। मार्मिक पक्ष ये है कि मालिक को अपने कुत्ते से बहुत लगाव था।

**3. रिक्शावाला अकसर रात में गोलंबर के पास पहुँचते ही क्या करने लगता था और क्यों?**

**उत्तर-** रिक्शा वाला अक्सर रात में गोलम्बर के पास से गुजरते समय जोर-जोर से ऊँचे स्वर में गाना अलापने लगता था। वो उसी जगह पर ऐसा इसलिए करता था क्योंकि गोलम्बर में आवाज़ प्रतिध्वनित होती थी जिससे सुर बढ़िया लगता था।

**4. गोलम्बर में युवक युवतियों द्वारा नाव में किए जाने वाले गतिविधियों का एक संक्षिप्त रेखाचित्र प्रस्तुत करे।**

**उत्तर-** नाव में सवार मनचले युवक-युवतियों के कारनामें कोई फिल्मी दृश्य से कम नहीं लग रहा था। एक युवती कॉफी पाऊडर मथ रही थी, दूसरी सचित्र पत्रिका पढ़ रही थी उसके सामने एक युवक फिल्मी अंदाज़ में घुटने टेक कर डायलॉग बोल रहा था और बैकग्राउंड में ट्रांजिस्टर पर गाना बज रहा था- 'हवा में उड़ता जाए, मोरा लाल दुपट्टा मलमल का' ये देख गोलम्बर की चारों ब्लॉक के छत से लड़कों ने सीटियों और फबतियों की बौछार कर दी थी।

**5. आपको इस पाठ से क्या संदेश मिलता है?**

**उत्तर-** इस पाठ से हमें यह संदेश मिलता है कि जब भी हमारे क्षेत्र में ऐसी कोई आपदा आन पड़े तो सबसे पहले हमें आवश्यक चीजों को इकट्ठे कर उसे साथ ले लेना चाहिए। एक-दूसरे के साथ पारस्परिक सहयोग की भावना रखते हुए आपदा रूपी दुख का सामना करना चाहिए। राहत कार्यों में लगी टीम से संपर्क साधने का यथासंभव प्रयास करना चाहिए।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. अपने शब्दों में बताएं कि लेखक बाढ़ का वर्णन करने में कितना सार्थक हो पाया है?**

**उत्तर-** 'इस जल प्रलय में' पाठ को लेखक ने बड़े ही रोचक अंदाज में पेश किया है। नवीं कक्षा के विद्यार्थियों के ग्रहण क्षमता की दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह थोड़ी लंबी रचना जान पड़ती है। परंतु लेखक ने पूरे पाठ में रोचकता और कौतूहलता के प्रबंधन में कोई कसर नहीं छोड़ी है जिससे पाठ लंबा होते हुए भी लंबा नहीं लगता है। घटनाओं के वर्णन में पात्रों से लेकर तथ्यों तक का लेखक ने बारीकी से ख्याल रखा है। उसने पात्रों के वर्ग के अनुसार भाषा का सफल प्रयोग किया है। इस बाढ़ रूपी भयंकर आपदा के कारण उत्पन्न अफरा-तफरी के वातावरण में भी जीवन के कुछ मधुरतम दृश्यों का उल्लेख लेखक ने बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया है। लेखक ने पाठ में स्थानीय शब्दों और वाक्यों का प्रसंगानुकूल प्रयोग कर पूरी रचना में कौतूहलता और रोचकता को अक्षुण रूप से बनाये रखा है। ये पाठ पाठक के मस्तिष्क में बाढ़ के परिवेश का स्पष्ट चित्र स्थापित करने में सक्षम है।

**2. पाठ के आधार पर बताएँ कि बाढ़ के कारण क्या-क्या नुकसान उठाना पड़ता है?**

**उत्तर-** बाढ़ के आने से जीवन एकदम से ठप पड़ जाता है। लोगों को कारोबार में भारी नुकसान उठाना पड़ता है। प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के चल-अचल संपत्ति में से कुछ तो बाढ़ में बह जाते हैं बाकी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, प्राय: लोग बेघर हो जाते हैं यहाँ तक कि खाने-पीने को भी कुछ नहीं मिलता। समाज में जो खाने-पीने के चलन में नहीं हैं ऐसी वस्तुएँ या पदार्थ खाकर जिंदा रहने की नौबत आ जाती है। इधर प्रभावित क्षेत्र के लिए उत्तरदायी सरकार पर भी जिम्मेदारी और जवाबदेही बढ़ जाती है। खाद्यापूर्ति, स्वास्थ्य, बिजली आदि त्वरित व्यवस्था करने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है जिसे निभाने में सरकार को अतिरिक्त वित्तीय भार को वहन करना पड़ता है। बाढ़ के तबाही के बाद स्थिति सामान्य होने में काफी समय लग जाता है।